दैनिक भास्कर होशियारपुर भास्कर 29-03-2025

दैनिक भास्कर

बीमा निगम के लाभों के बारे में दी जानकारी

भास्कर न्यूज़ | होशियारपुर

कर्मचारी राज्य बीमा निगम शाखा कार्यालय होशियारपुर की तरफ से दशमेश पब्लिक स्कूल सिपरियां में ईएसआईसी योजना पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ईएसआईसी शाखा होशियारपुर के ब्रांच मैनेजर बलवंत सिंह द्वारा ईएसआईसी की ओर से दिए जाने वाले हितलाभों बीमारी हितलाभ, चिकित्सा हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, विकलांगता हितलाभ, आश्रित जन हितलाभ के साथ साथ मिलने वाली अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी में पंजीकृत कामगारों के बच्चों के लिए भी ईएसआईसी चिकित्सा संस्थाओं में एमबीबीएस के लिए भी सीटें अर्शित है। शिविर में मौजूद लोगों द्वारा ईएसआईसी के हितलाभों के संबंध में प्रश्न भी पूछे इस पर शाखा प्रबंधक द्वारा सभी प्रश्नों के विस्तार से जवाब दिए गए। इस अवसर पर स्कूल प्रिं. सुमन शुक्ला, सतवंत सिंह पटियाल लीगल एडवाइजर के अलावा लगभग 70 के करीब कर्मचारियों ने भाग लिया।